राहत : मेवात को मिले आठ डॉक्टर

● हरिकिशन शर्मा

नई दिल्ली। मेवात में स्वास्थ्य की बदहाली और लोगों की समस्याओं को शासन तक पहुंचाने की 'अमर उजाला' की मुहिम के बाद हरियाणा सरकार ने इस जिले में पांच नये डॉक्टरों की नियुक्ति की है। इसके साथ ही राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने उन डॉक्टरों की बर्खास्तगी की प्रक्रिया शुरू कर दी है जो काफी दिनों से ड्यूटी से गायब चल रहे थे। मेवात के सिविल सर्जन डॉ. के.एस. राव ने 'अमर उजाला' से कहा कि जिले के उझीना, घासेड़ा, पिनागवा, सिंगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और एचएचसी फिरोजपुर झिरका पर एक-एक डॉक्टर तथा मरोड़ा पीएचसी पर दो डाक्टरों की नियुक्ति की जा रही है। इसके अलावा नूह सीएचसी पर एक नियमित वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी तैनात किया जा रहा है। गौरतलब है कि 'अमर उजाला' ने 10 अप्रैल को खबर दी थी कि मेवात से 10 डॉक्टर ड्यूटी से गायब चल रहे हैं और शासन को इसकी खबर तक नहीं है। इस खबर के बाद ही स्वास्थ्य मंत्री गीता भुक्कल के निर्देश पर स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक ने जिले में खाली पड़े डाक्टरों के पदों के बारे में जानकारी मांगी। इधर स्वास्थ्य सचिव नवरोज संधू के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग उन डॉक्टरों के खिलाफ भी कार्रवाई कर रहा है जो काफी समय से ड्यूटी से गायब चल रहे थे।

गायब डाक्टरों को बर्खास्त करने की प्रक्रिया शुरू